# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2023

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका    वर्ष 12    अंक 46 (अप्रैल, 2023)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




**सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**

**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**

**पिलानी (राजस्थान) 333031**

**संरक्षक**

डॉ.  पी.सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी


**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ विश्व हिन्दी दिवस-2023 का आयोजन

संस्थान में दिनांक 10 जनवरी, 2023 को विश्व हिदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध विज्ञान लेखक डॉ. दुर्गादत्त ओझा, पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक, भूजल विभाग, राजस्थान सरकार तथा अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, वनस्थली विद्यापीठ उपस्थित थी। संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ. दुर्गादत्त ओझा ने अपने संबोधन में 'विज्ञान लेखन की आवश्यकता और महत्व' विषय पर व्याख्यान दिया। विज्ञान लेखन के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं उसके लाभों को लोकभाषा में भारतीय जनमानस तक पहुंचाना विज्ञान और मानवता की विशिष्ट सेवा है। विशिष्ट अतिथि प्रो. अनीता जैन ने 'वैश्विक हिन्दी : विविध आयाम' विषय पर अपने व्याख्यान में कहा कि हिन्दी भारत की ऐसी महानदी है जिसे अवधी, ब्रज, मैथिली, भोजपुरी, राजस्थानी आदि अनेक मातृभाषा-रूपी सरिताओं ने समृद्ध किया है। इस अवसर पर अतिथियों ने संस्थान की विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण (वर्ष 2022, अंक 6) का विमोचन भी किया। अतिथियों ने पत्रिका में प्रकाशित आलेखों के लेखकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### ✓ सीरी द्वारा विकसित ई-असिस्ट ट्राईसाइकिल का दिव्यांगजनों को वितरण

संस्थान के पूर्व निदेशक एवं एसीएसआईआर के चांसलर डॉ. चंद्रशेखर एवं संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने दिनांक 14 जनवरी, 2023 को संस्थान में आयोजित विज्ञान गांव की ओर कार्यक्रम के दौरान सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित ई-असिस्ट ट्राईसाइकिल फील्ड ट्रायल और उपयोगकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त करने के लिए दिव्यांगों को वितरित की। इस कार्यक्रम के दौरान विज्ञान गांव की ओर कार्यक्रम के 12 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों, विज्ञान गाँव की ओर कार्यक्रम के प्रशिक्षार्थियों सहित संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारीगण एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर ने सभी ई-रिक्शा प्राप्त करने वाले दिव्यांग साथियों से अनुरोध किया कि वे संस्थान द्वारा विकसित इस ई-ट्राईसाइकिल के संबंध में अपना फीडबैक और सुझाव संस्थान को अवश्य दें ताकि इसके आगामी संस्करणों में आवश्यक सुधार किए जा सकें। ई-रिक्शा विकसित करने वाली टीम के प्रमुख डॉ. बी.ए. बोत्ने, प्रधान वैज्ञानिक, ने सभी लाभार्थी दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल प्रचालन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। डॉ. बोत्ने की टीम ने ई-रिक्शा प्राप्त करने वाले सभी दिव्यांगजनों को ई-रिक्शा चलाने के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया।

### ✓ सीएसआईआर-सीरी ने की अल्युरिग राजस्थान 2023 प्रदर्शनी में प्रतिभागिता

सीएसआईआर-सीरी ने भारत सरकार द्वारा दिनांक 23-25 फरवरी, 2023 के दौरान उदयपुर (राजस्थान) में आयोजित "अल्युरिग राजस्थान-2023 प्रदर्शनी" में भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन 23 फरवरी, 2023 को होटल इंद्र रेजीडेंसी, उदयपुर में किया गया। इस प्रदर्शनी में भारत सरकार के विभिन्न विभागों एवं शोध संगठनों ने प्रतिभागिता की। प्रतिभागियों ने अपने-अपने विभागों व संगठनों के कार्यों एवं उत्पादों को प्रदर्शित किया। विभागों ने प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य दर्शकों को किसानों, छात्रों और आम लोगों के जीवन को सरल बनाने हेतु विकसित अपनी नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और उपलब्धियों से अवगत कराया। सीएसआईआर की राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं क्रमशः सीएसआईआर-सीरी, पिलानी और सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर ने सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री चुन्नीलाल गरासिया ने किया। उदयपुर के लोकसभा सांसद श्री अर्जुन लाल मीणा 25 फरवरी, 2023 को आयोजित समापन सत्र के मुख्य अतिथि थे। समापन सत्र के दौरान सीएसआईआर को अनुसंधान और प्रौद्योगिकी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल से सम्मानित किया गया।

### ✓ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में 28 फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस गरिमामयी ढंग से मनाया गया। विज्ञान भारती - राजस्थान के सहायोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रोफेसर आर.पी. सांगवान, इन्सा (INSA) वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा पूर्व निदेशक, एसीएसआईआर मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अभिजीत कर्माकर, वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक ने की। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा; बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी; गौतम पब्लिक स्कूल, पिलानी तथा सीरी विद्या मंदिर, पिलानी के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। डॉ. कर्माकर ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस माए जाने की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी वी रमन ने 28 फरवरी, 1928 को रमन प्रभाव की खोज की थी। तभी से आज के दिन को देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि उनकी इस खोज के लिए ही सर सी वी रमन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आमंत्रित व्याख्यान के उपरांत डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक ने प्रोफेसर सांगवान को संस्थान की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संस्थान में आए विद्यार्थियों ने संस्थान के विज्ञान संग्रहालय एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं का परिदर्शन किया। संस्थान के वैज्ञानिकों एवं शोध विद्यार्थियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को संस्थान की शोध गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया।

### ✓ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 का आयोजन

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में 09 मार्च, 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान की सभी महिला सहकर्मी, महिला परियोजना कार्मिक एवं महिला प्रशिक्षार्थी आदि सम्मिलित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत कर्माकर ने की। उन्होंने निदेशक, सीएसआईआर-सीरी की ओर से सभी महिला सहकर्मियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. समित्ना सिह, प्रधान वैज्ञानिक; डॉ. अदिति, प्रधान वैज्ञानिक सहित अन्य महिला कार्मिकों ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किए। सभी ने समवेत स्वरों में संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व निदेशकों व वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि उन्हें संस्थान में

कार्य करने एवं अध्ययन आदि में किसी भी प्रकार की असमानता का अनुभव नहीं हुआ। संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सुचंदन पाल, डॉ. शशिकांत सदिस्तप एवं डॉ. संजय कुमार घोष तथा प्रधान वैज्ञानिक श्री प्रमोद तंवर एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री महेन्द्र सिह ने भी महिला कार्मिकों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 की शुभकामनाएं दीं।

✓ **संस्थान का संसदीय राजभाषा निरीक्षण**

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने दिनांक 27 फरवरी, 2023 को सीएसआईआर-सीरी का राजभाषा निरीक्षण किया। संस्थान के संसदीय निरीक्षण के दौरान श्री मनोज तिवारी, माननीय सांसद (लोकसभा) एवं श्रीमती संगीता यादव, माननीय सांसद (राज्यसभा) बैठक के दौरान उपस्थित थे। माननीय सांसदों के साथ श्री धर्मराज खटीक, सचिव, संसदीय राजभाषा समिति एवं समिति सचिवालय के अन्य अधिकारी/कार्मिक भी उपस्थित थे। माननीय श्री मनोज तिवारी जी ने बैठक की अध्यक्षता की। संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान के अधिकारियों के दल ने माननीय संसदीय समिति के समक्ष संस्थान की राजभाषा गतिविधियों को प्रस्तुत किया। माननीय समिति ने संस्थान के राजभाषा कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की तथा राजभाषा गतिविधियों एवं वैज्ञानिक क्रियाकलापों की सराहना करते हुए संस्थान के निदेशक को इस और गति देने और भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निर्देशित किया। डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान की राजभाषा गतिविधियों एवं वैज्ञानिक क्रियाकलापों की सराहना के लिए माननीय संसदीय समिति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन में तेजी लोने के लिए समिति को आश्वस्त किया।

## समझौता ज्ञापन/एनडीए

**1. प्रौद्योगिकी :** डेवलपमेंट ऑफ डाटा एक्वीजीशन फॉर चेकिंग वाइब्रेशन एण्ड अदर सिमिलर सेंसर बेस्ड इंस्ट्रूमेंट्स

**उद्योग/क्लाइंट :** क्लाउ डग्लांस सेंसिंग लैब प्रा.लि.

**दिनांक** – 04 जनवरी, 2023

**2. प्रौद्योगिकी :** स्मार्ट बीएमएस

**उद्योग/क्लाइंट :** चिप्सोर लैब्स प्रा.लि.

**दिनांक** – 06 जनवरी, 2023

**3. प्रौद्योगिकी :** डिजाइन डेवलपमेंट एण्ड मैन्यूफैक्चरिंग ऑफ बीएलडीसी मोटर कंट्रोलर काड्स

**उद्योग/क्लाइंट :** अल्फासाइन टेक्नोलोजी प्रा.लि., लखनऊ

**दिनांक** – 09 जनवरी, 2023

**4. प्रौद्योगिकी :** डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ मेम्स माइक्रोफोन

**उद्योग/क्लाइंट :** सिकर्न सेमीकंडक्टर प्रा.लि.

**दिनांक** – 09 जनवरी, 2023

**5. प्रौद्योगिकी :** फेब्रिकेशन ऑफ डिसपेंसर कैथोड एज़ पर यूज़र रिक्वायरमेंट फॉर एस-बैंड मेडिकल लाइनेक

**उद्योग/क्लाइंट :** पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजी प्रा.लि.

**दिनांक** – 07 फरवरी, 2023

**6. प्रौद्योगिकी :** डेवलपमेंट ऑफ इंडस्ट्रियल विज़न सेंसर (आईवीआईएस कैमरा) फॉर लेदर ग्रेडिंग एप्लीकेशन ऑफ "सीएसआईआर-सीरी"

**उद्योग/क्लाइंट :** सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डैक)

**दिनांक** – 10 मार्च, 2023

**7. प्रौद्योगिकी :** डिजाइन एण्ड फेब्रिकेशन ऑफ थिक फिल्म सेंसर इलेक्ट्रोड

**उद्योग/क्लाइंट :** क्लास वन सिस्टम्स एस एण्ड टी प्रा.लि.

**दिनांक** – 20 मार्च, 2023

## फाइल किए गए पेटेन्ट

**1. शीर्षक :** ए सोलर फोटोवोल्टिक-बेस्ड ड्यूअल बस डीसी माइक्रोग्रिड आर्किटेक्चर विद मल्टिलेयर कंट्रोल

**शोधकर्ता/लेखक :** अभिषेक आनंद, बृजेन्द्र कुमार वर्मा, सुभाष कुमार राम, लक्ष्मणन पद्मावती

**फाइल करने की तिथि :** 31 जनवरी, 2023

**आवेदन सं. :** 202311006417

**2. शीर्षक :** माइक्रोमशीनिंग ऑफ ग्लास सबस्ट्रेट यूजिंग वेट एचिंग टेकनीक फॉर मेम्स एकॉस्टिक सेंसर

**शोधकर्ता/लेखक :** महंथ प्रसाद, रमाकांत शर्मा, दीपक बंसल

**फाइल करने की तिथि :** 07 फरवरी, 2023

**आवेदन सं. :** 202311007989

**3. शीर्षक :** ए पोर्टेबल एण्ड मल्टीपर्पज अपैरेटस फॉर गोल्ड प्लाज्मा जेट

**शोधकर्ता/लेखक :** उदित नारायण पाल, महेन्द्र सिह, राम प्रकाश लाम्बा, आलोक मिश्रा

**फाइल करने की तिथि :** 07 फरवरी, 2023

**आवेदन सं. :** 202311007988

**4. शीर्षक :** नॉन इनवेसिव डिटेक्शन ऑफ टीबीआई यूजिंग गैलियम नाइट्राइड ऑन सिलिकॉन बेस्ड हैंडहेल्ड सिस्टम

**शोधकर्ता/लेखक :** राजीवन रंजन, अनिल कुमार सैनी, राजीव तलियान, निधि चतुर्वेदी,

**फाइल करने की तिथि :** 16 मार्च, 2023

**आवेदन सं. :** 202311018884

**5. शीर्षक :** मेथड फॉर फैब्रिकेटिंग सिलिकॉन चिप कैरियर्स यूजिंग वेट बल्क माइक्रोमशीनिंग फॉर आईआर डिटेक्टर एप्लीकेशन्स

**शोधकर्ता/लेखक :** पंकज भूषण अग्रवाल, एस संतोष कुमार, संजीव कुमार

**फाइल करने की तिथि :** 30 मार्च, 2023

**आवेदन सं. :** PCT/IN2023/050310

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – थर्ड इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेंज टेक्नोलॉजी (आईसीओआरटी-2023)

**स्थान** – चांदीपुर, उड़ीसा

**दिनांक** – 23-25 मार्च, 2023

**शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड कैरेक्ट्राइजेशन ऑफ हाई गन सेमीसर्कुलर स्लॉटेड वी-बैंड प्रिंटेड एंटेना/ऐरे विद सुपरस्ट्रेट

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री शिप्रा भाटिया, पीएचडी छात्रा

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – थर्ड कॉन्फ्रेंस ऑन रेंज टेक्नोलॉजी (आईसीओआरटी -2023)
  **स्थान** – चांदीपुर, उड़ीसा
  **दिनांक** – 23-25 फरवरी, 2023
  **शोध पत्र** – ऑप्टिमाइजेशन ऑफ इनपुट एण्ड आउटपुट कप्लर्स फॉर हाई पॉवर एस-बैंड क्लाइस्ट्रॉन
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री नागराजु आत्माकुरु, वरिष्ठ वैज्ञानिक
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन माइक्रोवेव कम्युनिकेशन
  **स्थान** – एमएनएनआईटी-प्रयागराज, उत्तरप्रदेश
  **दिनांक** – 24-26 मार्च, 2023
  **शोध पत्र** – गेज ट्रैकिंग यूजिंग कैप्सूल-बेस्ड सीएनएन आर्किटेक्चर फॉर एचएमआई
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री अक्षांश गुप्ता, वैज्ञानिक
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – थर्ड इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग ट्रेंड्स एण्ड टेक्नोलॉजीज ऑन इंटेलीजेंट
  **स्थान** – सी-डैक, नोएडा
  **दिनांक** – 23-24 फरवरी, 2023
  **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड कैरेक्ट्राइजेशन ऑफ पार्शियली ग्राउंडेड 28 GHz पैच एंटेना एण्ड इट्स मीमो इम्प्लीमेंटेशन
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री शिप्रा भाटिया, पीएचडी छात्रा
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 10वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सिग्नल प्रोसेसिंग एण्ड इंटीग्रेटेड नेटवर्क (एसपीआईएन - 2023)
  **स्थान** – नोएडा
  **दिनांक** – 23-24 मार्च, 2023
  **शोध पत्र** – एन्सिएंट इंडियन म्युरल्स डिजिटल रेस्टोरेशन थ्रू इमेज इन पेंटिंग (एसपीआईएन-2023)
  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डॉ. धीरज, प्रधान वैज्ञानिक

## कौशल विकास कार्यक्रम/जिज्ञासा/शिल्प

✓ **वन वीक एसडीपी (शिल्प) प्रोग्राम-**

संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत संस्थान ने सेमिकंडक्टर हाई इंपेक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प - SHILP) का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में सेमिकंडक्टर क्षेत्र में कुशल जनशक्ति तैयार करना है।

**दिनांक** - 02-07 जनवरी, 2023

✓ **कौशल विकास/जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक दौरा**

| क्र.सं. | स्कूल/कॉलेज का नाम | दिनांक | छात्रों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी | 28.02.2023 | 52 |
| 2. | नवोदय स्कूल, काजड़ा | 28.02.2023 | 42 |
| 3. | गौतम पब्लिक स्कूल, पिलानी | 28.02.2023 | 52 |
| 4. | सीरी विद्या मंदिर, पिलानी | 28.02.2023 | 53 |
| 5. | राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिद्धमुख, चूरू | 14.03.2023 | 52 |
| 6. | एस.के.आई.टी. कॉलेज, जयपुर | 28.03.2023 | 23 |

कौशल विकास कार्यक्रम एवं जिज्ञासा के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों को संस्थान के महत्वपूर्ण शोध कार्यों की जानकारी दी गई और प्रयोगशालाओं/विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण कराया गया।

## आमंत्रित व्याख्यान

**1. विषय :** लेसन फ्रॉम नेचर : बायोइन्स्पायर्ड मैकेनिकल ड्यूरेबल एण्ड सेल्फ-हीलिंग सुपरलिक्विडफोबिक/फिलिक सरफेसेज
**वक्ता :** डॉ. भरत भूषण (एकेडमी प्रोफेसर) पूर्व निदेशक, एसीएसआईआर, द ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी (सैन जोस, सीए)
**दिनांक :** 10 मार्च, 2023

## विविध

✓ **आमंत्रित व्याख्यान**

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिव्यांगों के लिए आयोजित जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत **ई-ट्राईसाइकिल एण्ड ई-ट्राइक** विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया गया।

**विषय :** "दिव्यांगों के लिए सहायक प्रोद्योगिकी, ई-ट्राईसाइकिल एण्ड ई-ट्राइक"
वक्ता : डॉ. बीए बोते, प्रधान वैज्ञानिक
**दिनांक :** 28 फरवरी, 2023
**स्थान :** सीएसआईआर-सीरी, पिलानी

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी मौखिक परीक्षा**

**1. विषय :** मल्टी-पर्सन ट्रेकिंग एण्ड सर्च फॉर स्मार्ट सर्विलांस ओवर डिस्ट्रीब्यूटेड कैमराज़ यूजिंग डीप लर्निंग एल्गोरिदम्स
**प्रस्तुतकर्ता :** श्री गायकवाड़ बिपिन जयराज, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र
**दिनांक :** 17 फरवरी, 2023

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर अक्टूबर-दिसम्बर, 2022 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 19 जनवरी, 2023 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अक्टूबर-दिसम्बर, 2022 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 17 जनवरी, 2023 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी रा.का.स. सदस्यों व सीएसआईआर मुख्यालय एवं संबद्ध प्रयोगशालाओं को सूचनार्थ भेजा गया।

✓ **प्रकाशन कार्य**

राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 12, अंक 45 (जनवरी, 2023)

✓ **प्रतियोगिताएं**

1. श्रुतलेख – हिंदी भाषी (24 जनवरी, 2023)
2. श्रुतलेख – हिंदीतर भाषी (15 मार्च, 2023)
3. निबंध लेखन - (28 मार्च, 2023)

## प्रशासनिक समाचार

### ➢ सेवानिवृत्तियाँ

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री युसुफ अली, प्रयोगशाला सहायक | 31.01.2023 |
| 2. | श्री पुरुषोत्तम लाल, एमटीएस | 28.02.2023 |
| 3. | श्री ओम प्रकाश जांगिड़, सहायक अभियंता | 28.02.2023 |
| 4. | श्री सुधीर कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक | 31.03.2023 |

### ➢ पदोन्नतियाँ

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | पदोन्नत पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. पंकज भूषण अग्रवाल, प्र. वैज्ञानिक | व.प्र. वैज्ञानिक | 25.01.2023 |
| 2. | श्री संजीव कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक | प्रधान वैज्ञानिक | 27.12.2022 |

### ➢ संस्थान से स्थानांतरण होकर गए अधिकारी /कार्मिक

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ओम रंजन, वरिष्ठ वैज्ञानिक | सीएसआईआर-सीरी, पिलानी से सीएसआईआर-एनएएल, बैंगलूरू | 17.02.2023 |

### ➢ संस्थान में स्थानांतरण होकर आए अधिकारी/कार्मिक

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री देवेन्द्र प्रजापति, तकनीकी अधिकारी | सीएसआईआर-सीईसीआरआई,कारैकुडी से सीएसआईआर-सीरी, पिलानी | 06.02.2023 |

## चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)




विश्व हिन्दी दिवस समारोह के दौरान अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



संस्थान की वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' का विमोचन करते हुए मंचस्थ महानुभाव







विश्व हिन्दी दिवस पर संबोधन देते हुए मुख्य अतिथि डॉ. दुर्गादत्त ओझा एवं विशिष्ट अतिथी प्रोफेसर अनीता जैन



विज्ञान गाँव की ओर कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर, पूर्व निदेशक सीएसआईआर-सीरी



ई-असिस्ट ट्राइक वितरण के उपरांत लाभार्थियों के साथ मुख्य अतिथि एवं अन्य सहकर्मी



शोधकर्ता वैज्ञानिक और दिव्यांग लाभार्थी से वार्ता करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर एवं संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया



अल्युरिग राजस्थान 2023 प्रदर्शनी के उद्घाटन के उपरांत सीरी के स्टॉल में राजस्थान सरकार में पूर्व मंत्री श्री चुन्नी लाल गरासिया एवं अन्य अतिथि




राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 के दौरान आमंत्रित व्याख्यान देते हुए मुख्य अतिथि प्रो. आर.एस. सांगवान




राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 के अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए डॉ. अभिजीत कर्माकर, मुख्य वैज्ञानिक



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के उपलक्ष्य पर महिला सहयोगियों से चर्चा करती हुई डॉ. सुमित्रा सिंह एवं डॉ. अदिति



माननीय संसदीय राजभाषा समिति के समक्ष उपस्थित संस्थान/सीएसआईआर/डीएसआईआर के अधिकारियों का दल



संसदीय राजभाषा निरीक्षण के उपरांत माननीय संसदीय राजभाषा समिति से प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक



माननीय संसदीय राजभाषा समिति के सदस्यगणों को संस्थान की विज्ञान पत्रिका भेंट करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक

...........................